<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–**14 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–ब्रिक्स सिर्फ देशों का समूह नहीं, बल्कि समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र है।
- डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के छठे स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संस्थान में अंग प्रत्यारोपण यूनिट सहित कई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का किया लोकार्पण।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगरा में केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर की चर्चा। कहा– मुख्यधारा से छूटे हुए लोगों को दिया जा रहा है समान अवसर।
- बारिश तथा बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां अभी भी उफान पर।

**********

नई दिल्ली में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कल संपन्न हो गया। दो दिन के शिखर सम्मेलन के आखिरी दिन अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स सिर्फ देशों का समूह नहीं, बल्कि समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र है।

**आप सबकी मौजूदगी ब्रिक्स की बढ़ती रेलीवेंस ओपननेस और इंक्लूजिवनेस का प्रमाण है। पिछले दो दिनों की हमारी चर्चाओं ने हमारा विश्वास और मजबूत किया है कि ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, सॉल्यूशंस का एक इकोसिस्टम है।**

प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरों के बीच बेहतर तौर–तरीकों को साझा करने की सुविधा के लिए 'ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब' का गठन किया गया है।

**अर्बन मोबिलिटी हब की स्थापना की गई है। भारतीय सभ्यता में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है सदियों से हमारी मान्यता रही है कि विकास और पर्यावरण एक दूसरे के विकल्प नही पूरक है। ब्रिक्स में भी हमने मानव विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पर बल दिया है।**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उम्मीद जतायी कि शिखर सम्मेलन में अपनाया गया 'नई दिल्ली घोषणापत्र' साझा विजन और भविष्य के सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा देगा।

**हम आशा करते हैं इस समिट से, उसमें अडॉप्ट किया गया न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन, हमारे सेयर्ड वीजन और फ्यूचर कॉरपोरेशन को स्पष्ट दिशा देगा। हमें सभी आउटकम्स को समयबद्ध एक्शन और लास्ट में इंपैक्ट से जोड़ना होगा। हमारे फ्रेम पर फाइल से आगे बढ़कर रियल लाइफ में इंपैक्ट पैदा करें इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।**

प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के समापन समारोह में प्रतिभागी देशों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के छठे स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान में तैयार अंग प्रत्यारोपण, विस्तारित क्षमता के इमरजेंसी वार्ड और अन्य कई अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने संस्थान में विभिन्न पदों पर चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिये विगत नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की एक नई श्रृंखला खड़ी हुयी है।

**प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत की सुविधा भी है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की सुविधा भी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है और जहां पर कोई भी सहयोग करने को तैयार नहीं कोई सुविधा में वह आच्छादित नहीं हो रहा है। लेकिन उसे लगता है कि उसे कुछ सहयोग की आवश्यकता है तो सीएम रिलीफ फंड में हम उसको पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराते हैं जहां से उसको सहायता मिल जाती है। वह अपना उपचार कहीं भी जाकर करवा सकता है। किसी भी पैनल हॉस्पिटल में जाकर करा सकता है। किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में जिस तेजी के साथ इसने अपनी प्रगति को की है। वह अपने आप में ढेर सारे पेशेंट को इसकी सुविधा उपलब्ध करवाएगा।**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में मजबूत हुयी चिकित्सा सेवाओं ने मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ाने का काम किया है। समारोह को चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ विक्रम सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल आगरा में खटिक समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल हुए है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार विकास की मुख्यधारा से छूटे हुए लोगों को समान अवसर देने के लिए काम कर रही है और प्रयास कर रही है कि हर व्यक्ति शिक्षा, रोजगार तथा आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़े।

**हमारी सरकार अंत्योदय और सर्वोदय की भावना के साथ काम कर रही है। सर्वोदय यानी समाज में सभी लोगों का उत्थान होना चाहिए, यही हम लोगों की सोच रहती है और अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पीढ़ी पर जो बैठे हैं, उनका भी उदय होना चाहिए। सबका साथ, सबका विकास। साथियों, आज उत्तर प्रदेश में भी आप देख रहे हैं डबल इंजन की सरकार है, तेजी से विकास आगे बढ़ रहा है और सारे हिंदुस्तान में यह हमारा उत्तर प्रदेश आज विकास के लिए जाना जा रहा है।**

**********

सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल संसद रत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित होने के बाद कल पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे। उन्हें यह सम्मान संसद में जनहित के विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने, सक्रिय सहभागिता एवं संसदीय कार्यों में योगदान के लिये प्राप्त हुआ है। अपने संसदीय क्षेत्र में हुए भव्य स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि संसद रत्न पुरस्कार–2026 से सम्मानित होना उनके लिये अत्यंत गौरव और भावुकता का क्षण है।

**कि यह एक सांसद रत्न अवार्ड जो मिला है, मैं यह महसूस करता हूँ कि मैं उनके लिए यह सिद्धार्थनगर का सम्मान है जिन्होंने मुझे सांसद के रूप में चुना। और उन्होंने मुझे सांसद के रूप में भेजा और मैंने अपनी परिश्रम से, परफॉरमेंस से और पार्टिसिपेशन से, सांसद से एक उत्कृष्ट सांसद का मुकाम हासिल किया। तो यह सम्मान मैं सिद्धार्थनगर के लोगों को समर्पित करता हूँ।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां अभी भी उफान पर हैं। एक रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद, बलिया में गंगा नदी, शाहजहांपुर में रामगंगा और अयोध्या, बाराबंकी व तुर्तीपार में घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से हजारों की आबादी प्रभावित हुई है। कन्नौज जिले में कल प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार, असीम अरुण ने बाढ़ प्रभावित कटरी अमीनाबाद क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों का हालचाल जाना। इस बीच मौसम विभाग ने आज हमीरपुर, जालौन, कानपुर नगर, झांसी, इटावा, कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, कन्नौज, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत तथा आसपास के क्षेत्रों गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

आज गणेश चतुर्थी मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख–समृद्धि की कामना की है। इसी क्रम में लखनऊ के झूलेलाल वाटिका पर आज भव्य गणेश उत्सव का शुभारंभ होगा। आयोजन से जुड़े भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गोमती के किनारे 25 सितंबर तक चलने वाले गणेश उत्सव का पंडाल कोलकाता से आए करीब 60 कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है।

**अमेरिका के न्यू जर्सी स्वामीनारायण मंदिर के तर्ज पर हमारा मुख्य द्वार का गेट बनाया गया है। 13000 स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया गया है वातानुकूलित वाटर प्रूफ और 6000 स्क्वायर फीट का एक हॉल बनाया गया है जहां भक्त लोग बैठेंगे गजानन की चिट्ठी लिखेंगे। हमारे अपने 60 आदमी लगेंगे जो कि महिलाएं और पुरुष जो कि सिक्योरिटी का जिम्मा संभालेंगे। मोदक कानपुर के प्रसिद्ध हलवाइयों के द्वारा बनाया जाएगा जो कि भक्तों को बांटा जाएगा।**

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज ही कजरी तीज पर्व भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रख कर शिव–पार्वती की पूजा अर्चना कर रही हैं।

**********